बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-128
08/03/2019

मुख्यमंत्री ने थ्री डी थिएटर इंटरनेशनल सेंटर में देखी फिल्म, सेंटर का भी किया मुआयना

पटना 08 मार्च, 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज संजय गाँधी जैविक उद्यान में स्थित थ्री डी थिएटर इंटरनेशनल सेंटर में "कॉनक्वेस्ट ऑफ द स्काइज" थ्री डी फिल्म को देखा। इसके बाद थ्री डी थिएटर इंटरनेशनल सेंटर का मुख्यमंत्री ने मुआयना भी किया।

फिल्म देखने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आपसब ने भी इस फिल्म को देखा। इस थिएटर के निर्माण में 11 करोड़ रूपये की लागत आयी है। इससे नई पीढ़ी के लोगों को थ्री डी फिल्में देखने का रोमांच मिलेगा। थ्री डी फिल्मों के माध्यम से नई पीढ़ी के लोग जीव–जंतुओं सहित अन्य जानवरों के बारे में जानेंगे कि कैसे वे सर्वाइव करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि थ्री डी फिल्मों के माध्यम से अनेक तरह के पशु–पक्षियों के बारे में लोगों को संक्षिप्त एवं सारगर्भित जानकारी मिलेगी, इससे उनमें प्रकृति को जानने–समझने की अभिरुचि पैदा होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं से संबंधित फिल्में भी यहाँ प्रदर्शित की जायेंगी। प्राकृतिक चीजों के बारे में नई पीढ़ी के लोगों को अवगत होना आवश्यक है। बच्चों की दिलचस्पी भी प्रकृति के प्रति देखी जाती है, जिसके कारण वे पार्कों में जाना अधिक पसंद करते हैं। इससे उनका ज्ञानवर्द्धन होता है और मन में प्रकृति को नजदीक से समझने का आकर्षण उनके अंदर पैदा होता है। थ्री डी फिल्में दिखाए जाने का मकसद भी यही है।

अयोध्या राम मंदिर मसले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन लोगों की मध्यस्थता कमिटी बनाये जाने के बाबत पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोर्ट का मसला है इसलिए इस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलोग तो शुरू से ही इसके पक्ष में हैं कि इस मसले का समाधान कोर्ट या आपसी मध्यस्थता के द्वारा हो।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी, संजय गाँधी जैविक उद्यान के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

******